सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-219
30/04/2018

मुख्यमंत्री ने मई दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, **30** अपैल **2018** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मई दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देश के सभी श्रमिक भाई–बहनों, प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि विकास, औद्योगिक विकास एवं उत्पादकता को बढ़ाने में श्रमिकों की बड़ी भूमिका रही है और आगे भी रहेगी। उनकी मेहनत और ताकत का ही परिणाम है कि हर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास का सपना साकार हो रहा है। श्रम एवं श्रमिकों को सम्मान हमारी संस्कृति का अंग है, उन्हें सम्मान दें।

मुख्यमंत्री ने राज्य के श्रमिकों एवं श्रमिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे राज्य एवं राष्ट्र की प्रगति में अपनी भागीदारी को निरंतर बढ़ाये। राज्य को प्रगति एवं समृद्धि की नई ऊचाईयों पर पहुॅचाने का संकल्प लें।

*****